**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 08.10.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर" अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिंदुस्तान, जनवार्ता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 08.10.2025

### 112 मीटर ऊंची व्यावसायिक व आवासीय योजना का मानचित्र 4 दिन में स्वीकृत किया

**माई सिटी रिपोर्टर**

**वाराणसी।** जीटी रोड पड़ाव से रामनगर मुख्य मार्ग पर वाराणसी क्षेत्र की 112 मीटर की सबसे ऊंची व्यावसायिक सह समूह आवासीय योजना का मानचित्र वीडीए ने चार दिन में स्वीकृत किया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि इस स्वीकृति से वीडीए को 6.94 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि सेमरा राल्हूपुर कटेसर में ट्विन टावर बना रहा है। इसके विकासकर्ता जेएचएस इंफ्रा होम्स एलएलपी के लिए पार्टनर और जीत होम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जितेंद्र कुमार ने 9551 वर्गमीटर क्षेत्रफल भूमि पर प्रस्तावित व्यावसायिक और 357 आवासीय यूनिट का मानचित्र ऑनलाइन जमा कराया था। प्रत्येक टावर में लोअर बेसमेंट, अपर बेसमेंट पर पार्किंग रहेगी। प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल पर व्यावसायिक भवन बनाए जाएंगे। चतुर्थ से 32वें तल तक आवासीय इकाइयां होंगी। टेरेस पर ओपन एयर रेस्टोरेंट, स्वीमिंग पूल होगा। 489 कार पार्किंग और 51 दो पहिया वाहनों की नियमानुसार पार्किंग होगी।

## अमर उजाला–दि0 08.10.2025

### मानचित्र के विपरीत निर्माण, एनओसी नहीं देने की सिफारिश

**वाराणसी।** वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को अमृताशा हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण किया। नक्शे के विपरीत निर्माण मिलने पर एनओसी न देने की सिफारिश की। अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम) की ओर से शिवपुर वार्ड के भरलाई में बने हॉस्पिटल आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत एनओसी के लिए आवेदन आया था। इसी के अनुपालन में निरीक्षण किया गया। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 08.10.2025

### वीडीए ने अवैध प्लाटिंग पर लगाया दूसरा नोटिस बोर्ड

जागरण संवाददाता, पिंडरा : फूलपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर में अवैध प्लाटिंग कर रहे भूमाफिया वीडीए के नोटिस बोर्ड को उखाड़ कर गायब कर दिए थे। जिसकी जानकारी होने पर वीडीए ने मंगलवार को पुनः नोटिस बोर्ड लगाया। रघुनाथपुर में 20 बीघे जमीन में अवैध प्लाटिंग हो रही थी। वीडीए के अधिकारियों ने बिना नक्शा पास कराए अवैध प्लाटिंग होने की जानकारी पर उक्त स्थान पर नोटिस बोर्ड लगा दिया था। दो दिन बाद ही भूमाफिया ने उक्त बोर्ड को उखाड़ गायब कर दिया था।

## दैनिक जागरण–दि0 08.10.2025

### पूर्वांचल की सबसे ऊंची बिल्डिंग का नक्शा वीडीए से पास

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास की पथ पर बढ़ रही काशी में मंगलवार को एक और चार चांद लग गया। नोएडा और लखनऊ के बाद पूर्वांचल की सबसे ऊंची ग्रुप हाउसिंग बिल्डिंग का नक्शा वाराणसी विकास प्राधिकरण ने पास किया। जीत होम साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाई जा रही 112 मीटर ऊंची बिल्डिंग में दो भूमिगत पार्किंग, तीन मंजिल व्यवसायिक व 31 मंजिल आवासीय फ्लैट हैं जो 34 मंजिल का है। चंदौली जिले में पड़ाव से रामनगर मार्ग पर कटेसर स्थित राल्हूपुर में 9551 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाले ट्विन टावर में 357 फ्लैट हैं। इसमें 489 कार और 51 दो पहिया वाहनों की पार्किंग है। इस प्रोजेक्ट से वीडीए को 6,94,91,568 रुपये मिले हैं। जीत होम साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड का यह सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है।

आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने बढ़ती महंगाई को कम करने और फ्लैट की कीमत कम करने को लेकर नए बायलाज में कई बदलाव किए हैं। एफएआर में छूट देने के साथ ऊंचाई की बाध्यता खत्म कर दी है। इसी का नतीजा है कि जिस जमीन पर 28 मंजिल का नक्शा पास होता वहां 34 मंजिल का हो गया। छह मंजिल अतिरिक्त बनने के साथ कई फ्लैटों की संख्या बढ़ गई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि नए बायलाज का ग्रुप हाउसिंग के साथ होटल निर्माण में अधिक छूट मिली है। चार ग्रुप हाउसिंग और 10 से अधिक होटल के मानचित्र के लिए आवेदन आएं हैं। प्रपत्रों की जांच कराई जा रही है। जीत होम साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जितेंद्र श्रीवास्तव जीत ने बताया कि एफएआर में छूट मिलने से फ्लैट की बढ़ती कीमतों में रोक लगेगी। सरकार ने जीएसटी में छूट देकर ग्राहकों को राहत पहुंचाई है।



कटेसर स्थित राल्हूपुर में बनने वाले ट्विन टावर का माडल • स्रोत वीडीए

**112** मीटर ऊंची बिल्डिंग में तीन मंजिल व्यवसायिक और 31 मंजिल आवासीय फ्लैट

**9551** वर्गमीटर के ट्विन टावर में 357 फ्लैट 489 कार व 51 दो पहिया पार्किंग

हिन्दुस्तान–दि0 08.10.2025

## अवैध प्लॉटिंग का बोर्ड फिर लगाया

**पिंडरा।** रघुनाथपुर में अवैध प्लॉटिंग कर रहे भूमाफियाओं के वीडीए के नोटिस बोर्ड को उखाड़ने के बाद मंगलवार को दोबारा इसे लगाया गया। रघुनाथपुर में 20 बीघे में अवैध प्लॉटिंग कराई जा रही है। अवैध प्लॉटिंग को एक हफ्ते पूर्व जेसीबी लेकर वीडीए की टीम पहुंची थी लेकिन भूमाफियाओं के आगे बेबस नजर आई। वीडीए ने फोर्स की मांग की तो पुलिस विभाग ने व्यस्तता का हवाला दे दिया।

हिन्दुस्तान–दि0 08.10.2025

## भरलाई के अस्पताल को वीडीए से एनओसी नहीं

**वाराणसी।** वीडीए प्रशासन ने भरलाई स्थित अमृताशा अस्पताल में मानचित्र के विपरीत निर्माण पर एनओसी देने से इनकार कर दिया है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत निरीक्षण में खामियां मिलीं। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में गठित टीम के निरीक्षण में 66 कार एवं एक एंबुलेंस पार्किंग के प्रावधान के उलट केवल 32 कार पार्किंग एवं एक एंबुलेंस पार्किंग के लिए स्थल की उपलब्धता थी।

## हिन्दुस्तान–दि0 08.10.2025

# वीडीए से 32 मंजिली ग्रुप हाउसिंग का नक्शा मंजूर

**निर्माण जल्द**

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** वीडीए ने पड़ाव से रामनगर मुख्य मार्ग पर पूर्वांचल की सबसे ऊंची इमारत (32 मंज़िल) का नक्शा स्वीकृत किया है। दो टॉवर में बनने वाले इन भवनों की ऊंचाई 112 मीटर होगी। जीत होम्स के इस प्रोजेक्ट का क्षेत्रफल 9551 वर्गमीटर होगा और 357 फ्लैट होंगे। परियोजना में कुल 489 कारें पार्क हो सकेंगी।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि मानकों पर खरे उतरने वाले हाई राइज बिल्डिंग के प्रोजेक्टों को जल्द मंजूरी दी जा रही है। परियोजनाओं से क्षेत्र विशेष का नियोजित विकास किया जा सकेगा। आमलोगों की आवास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकेगी। जीत होम्स सॉल्यूशन्स के एमडी जितेंद्र कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नई भवन उपविधि के तहत पहले ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली है। अब बड़े शहरों की तरह बनारस और आसपास के जिलों में भी गगनचुंबी इमारतें दिखेंगी।



प्रस्तावित इमारत का मॉडल।

## जनवार्ता–दि0 08.10.2025

# मानचित्र से विचलन पर अमृताशा हॉस्पिटल को एनओसी देने से इंकार

**वाराणसी (जनवार्ता)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अमृताशा हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर, भरलाई, शिवपुर के निरीक्षण में मानचित्र से गंभीर विचलन पाया है। जिसमें अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम) के पत्रांक 873, 6 अक्तूबर के संदर्भ में आयुष्मान भारत योजना के लिए एनओसी के लिए अस्पताल द्वारा आवेदन किया गया था। मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में गठित संयुक्त टीम ने अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण किया। इसमें पाया गया कि स्वीकृत मानचित्र के अनुसार 66 कार पार्किंग और 1 एंबुलेंस पार्किंग का प्रावधान था, जबकि स्थल पर केवल 32 कार पार्किंग उपलब्ध मिली।

इस दौरान निर्धारित मानचित्रानुसार निर्माण न होने और पार्किंग व्यवस्था अधूरी पाए जाने के कारण अमृताशा हॉस्पिटल को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पंजीकरण के लिए एनओसी जारी किया जाना संभव नहीं पाया गया।

